# RAISINA BENGALI SCHOOL
# CLASS - 4
# हिन्दी ( व्याकरण)

---

## पाठ - 1 ( भाषा)

**समझिए**

अक्षरों के ऐसे मेल से, जिनका कुछ अर्थ हो, शब्द बनते हैं; जैसे–देश, धर्म, सेवा, हमारा, माता, पिता, पुस्तक, भगवान आदि। शब्दों के ऐसे समूह से जिसका कुछ अर्थ हो, वाक्य बनते हैं; जैसे–देश की सेवा करना हमारा धर्म है।

सार्थक शब्दों तथा वाक्यों का ऐसा समूह जिसके द्वारा विचार प्रकट किए जा सकें, **भाषा** कहलाता है।



ध्यानपूर्वक देखिए और समझिए–



बच्चो, आज मैं तुम्हें शिक्षा का महत्त्व बताऊँगा।




अध्यापिका श्यामपट्ट पर लिखकर समझा रही है।



रोहन अपने पापा से बात कर रहा है।



भाई आज हम कहाँ जाएँगे?

भाषा वह साधन है, जिसके द्वारा लोग आपस में बातचीत करते हैं और अपने विचार एक-दूसरे तक पहुँचाते हैं।




समझिए–

नेताजी ने बोलकर लोगों तक अपने विचार पहुँचाए।

## भाषा के प्रकार (Kinds of the Language)

भाषा दो प्रकार की होती है–

1. **मौखिक भाषा (Oral Language)**–मुख से जो कुछ बोला तथा कानों से सुना जाता है, वह **मौखिक भाषा** होती है।
2. **लिखित भाषा (Written Language)**– जो कुछ लिखा और पढ़ा जाता है, वह **लिखित भाषा** होती है।

हिन्दी हमारी मातृभाषा है। यह हमारी राष्ट्रभाषा भी है। इसी प्रकार हम अन्य भाषा के रूप में अंग्रेजी का भी अध्ययन करते हैं।

संसार में बहुत-से देश हैं। उनमें अलग-अलग भाषाएँ बोली जाती हैं; जैसे–अंग्रेजी, चीनी, फ्रेंच, जर्मन, अरबी आदि। हमारे देश में हिन्दी भाषा के अतिरिक्त भी अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं। देश में बोली जाने वाली कुछ प्रमुख भाषाएँ निम्नलिखित हैं—

| भाषा का नाम | राज्य ( जिसमें बोली जाती है ) |
|---|---|
| हिन्दी | उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान आदि कई राज्यों में बोली जाती है। |
| पंजाबी | पंजाब में बोली जाती है। |
| गुजराती | गुजरात में बोली जाती है। |
| मराठी | महाराष्ट्र में बोली जाती है। |
| बँगला | पश्चिम बंगाल में बोली जाती है। |
| तमिल | तमिलनाडु में बोली जाती है। |
| तेलुगु | आंध्र प्रदेश में बोली जाती है। |
| कश्मीरी | कश्मीर में बोली जाती है। |
| उड़िया | ओडिशा में बोली जाती है। |
| कन्नड़ | कर्नाटक में बोली जाती है। |
| मलयालम | केरल में बोली जाती है। |

संस्कृत हमारी प्राचीन भाषा है। वेद और उपनिषद् इसी भाषा में लिखे गए हैं।

**गृहकार्य निर्देश - उपरोक्त पाठ को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए कार्य को उत्तर सहित अपनी कॉपी में लिखें , समझे तथा याद करें।**

***

**1- वाक्यों के सामने "मौखिक" या "लिखित" भाषा लिखिए -**

(क)कणिका गीत गा रही है। - ________________

(ख) रिया फ़ोन पर बात कर रही है। - _________

(ग) चाचा जी अखबार पढ़ रहे हैं। - ___________

(घ) दीपा दादा जी को पत्र लिख रही है। - ______

(ङ) नानी कहानी सुना रही हैं। - _____________

(च) निखिल दूर से बुला रहा है। - ____________

***

उत्तर कुंजी-

(क) मौखिक भाषा

(ख) मौखिक भाषा

(ग) लिखित भाषा

(घ) लिखित भाषा

(ङ) मौखिक भाषा

(च) मौखिक भाषा